### शिक्षित बेरोजगारों के लिये बस्तियां

१३१५. { श्री भक्त दर्शन :
श्री रामेश्वर टांटिया :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी तथा पीलीभीत जिलों में शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को बसाने का जो कार्य पिछले वर्षों से चल रहा है उसमें अब तक क्या प्रगति हुई है, और

(ख) इस कार्य के लिये केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकार को अब तक कितनी और किस-किस प्रकार की सहायता दी है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन) : (क) खेरी बस्ती बसाने की योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित समस्त १२ बस्तियां बसाई जा चुकी हैं और उनमें ६२७ व्यक्तियो को (जिनमे से ५५८ भूमिहीन मजदूर और ६९ शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति) बसाया जा चुका है । पीलीभीत बस्ती बसाने की योजना को जनवरी १९५८ में शुरू किया गया था । सोइल (soil) और हाइड्रोग्राफिक (hydrographic) के सर्वे का काम आजकल हो रहा है और प्रारम्भिक कार्य पूरा हो जाने के बाद, बस्तियों के बसाने तथा भूमिहीन मजदूरों और शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियो को बसाने का काम किया जायेगा ।

(ख) भारत सरकार ने खेरी बस्ती बसाने की योजना के लिये, १,६४,५०० रु० का अनुदान और ४,१०,००० रुपये का ऋण तथा पीलीभीत बस्ती योजना के लिये १,२२,००० रुपये का अनुदान और १,३५,००० रुपये का ऋण दिया है ।

### टेलीफोन

१३१६. { श्री भक्त दर्शन :
श्री नवल प्रभाकर :
श्री खादी वाला :

क्या परिवहन तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सारे भारत मे प्रत्येक परिमंडल में टेलीफोन लगवाने के लिये इस समय कितने आवेदन-पत्र विलम्बित है ;

(ख) उनमे से चालू वित्तीय वर्ष मे प्रार्थनापत्रों के अनुसार प्रत्येक परिमडल में कितने टेलीफोन लग जाने की आशा की जाती है , और

(ग) इस कार्य में और तेजी लाने के लिये कौन से कदम उठाये जा रहे है ?

परिवहन तथा संचार मंत्री (श्री स० का० पाटिल) (क) और (ख). इस सूचना के बारे में विवरण-पत्र सभा-पटल पर रख दिये गये हैं । [देखिये परिशिष्ट ३, अनुबन्ध संख्या १३८]

(ग) टेलीफोन-केन्द्रो की वहन-शक्ति बढ़ाने तथा लम्बी प्रतीक्षासूची वाले टेलीफोन केन्द्रो में, जहां आवश्यक हो, अतिरिक्त केबल लगाये जाने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं । टेलीफोन परिमण्डलो तथा अन्य परिमण्डलो के अध्यक्ष टेलीफोन संयोजन देने के विषय में विशेष ध्यान रख रहे है, ताकि ये प्रतीक्षा सूचियं यथा-सम्भव शीघ्र समाप्त हो सके ।

### Spurious Drugs

**1317. Sardar Iqbal Singh:** Will the Minister of **Health** be pleased to state:

(a) whether Government have received any complaints from the public regarding spurious drugs in the country; and

(b) if so, the steps taken in this regard?